हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 10 मई 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

6 विक्षोभ की सक्रियता से जमकर हुई बारिश, सरगुजा तरबतर




**प्रवेश सूचना**

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

अम्बिकापुर 7440435000

रायपुर 7440434000


### हाईस्कूल में 86.02 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 84.83 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण

# बोर्ड परीक्षाओं में सरगुजा को हाथ लगी निराशा, टॉप टेन में नहीं हो पाया शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा की गई है। परीक्षा में सूरजपुर जिले से एक व बलरामपुर जिले के तीन छात्र छात्राओं ने टॉप टेन की सूची में नाम दर्ज कराने में सफलता हासिल की है लेकिन सरगुजा जिले को इस बार भी बोर्ड परीक्षाओ में निराशा मिली है। दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में जिले का कोई भी छात्र शामिल नहीं हो पाया।

**खास बात**

- 10वीं में रोशन ने 96 .67 प्रतिशत व 12वीं में अनुज ने 94 .40 प्रतिशत के साथ किया जिले में टॉप

हालांकि सरगुजा जिले में हाई स्कूल परीक्षा में 86.02 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 84.83 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। सरगुजा जिले में कक्षा 10वीं की परीक्षा में स्वामी आत्मानंद स्कूल देवगढ़ सीतापुर के छात्र रोशन रजवाड़े ने 96.67 प्रतिशत के साथ टॉप किया है। इसी तरह में कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्र अनुज कुमार सोनी ने 94.40 प्रतिशत के साथ टॉप किया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में सरगुजा जिले के 9992 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे इनमें से 9781 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें से 9778 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 8412 है। इस प्रकार 86.02 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें बालिकाओं का प्रतिशत 88.24 तथा बालकों का प्रतिशत 83.26 है। हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 में पंजीकृत 8585 परीक्षार्थियों में से 8454 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। घोषित परीक्षा परिणाम में से उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या 7172 है अर्थात कुल 84.83 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें बालिकाओं का प्रतिशत 87.67 तथा बालकों का प्रतिशत 81.19 है।




### बलरामपुर जिले में 81.51 फीसदी बच्चे पास

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में बलरामपुर जिले का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। 10वीं और 12वीं बोर्ड में जिले के तीन बच्चों ने टॉप टेन में जगह बनाई है। इसके साथ ही बलरामपुर जिले में हाई स्कूल का कुल परीक्षा परिणाम 78.35 प्रतिशत रहा। दसवीं बोर्ड में कुल 9678 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे और इनमें से 7579 बच्चों ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। इनमें 77.27 प्रतिशत छात्र 79.24 प्रतिशत छात्राओं ने सफलता हासिल की। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में जिला का कुल परीक्षा परिणाम 81.51 प्रतिशत रहा। बोर्ड परीक्षा में 7163 छात्र छात्राएं शामिल हुए और इनमें से 5833 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में सफलता हासिल की है। इनमें से 79. 70 प्रतिशत छात्र व 83 प्रतिशत छात्राएं पास हुई है

### सूरजपुर जिले में 79 प्रतिशत को मिली सफलता

बोर्ड परीक्षा में सूरजपुर जिले ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं में एक छात्र ने टॉप टेन में जगह बनाई है। इसके साथ ही जिले में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 79.47 प्रतिशत रहा। 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 10 हजार 853 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे और इनमें से 8611 उत्तीर्ण हुए है। परीक्षा में 75.96 प्रतिशत बालक व 82.49 प्रतिशत बालिकाओं ने सफलता हासिल की। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में सूरजपुर जिले का परीक्षा परिणाम 79.66 प्रतिशत रहा। जिले में 12 वीं बोर्ड में कुल 8321 छात्र छात्राएं शामिल हुए और परीक्षा में 6622 छात्र छात्राएं पास हुए। हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में 77.50 प्रतिशत बालक व 81.39 प्रतिशत बालिकाओं ने सफलता हासिल की है।

## सूरजपुर जिले से नीरज शर्मा ने टॉप टेन में बनाई जगह

**बिश्रामपुर।** गुरुवार को छतीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में सूरजपुर जिले से बारहवीं कक्षा कॉमर्स के छात्र नीरज शर्मा ने टॉप टेन में जगह बनाई है। स्वामी विवेकानंद स्कूल के बारहवीं वाणिज्य संकाय के छात्र नीरज शर्मा आत्मज कृष्णा शर्मा ने 500 के पूर्णांक में 476 अंक अर्जित कर 95.2 प्रतिशत के साथ टॉप टेन में नौवां स्थान प्राप्त किया है।आरंभ से मेघावी नीरज दो भाई एक बहन हैं ,बहन अंशु बड़ी है जो बीएससी द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रही है ,नीरज के बाद एक छोटा भाई है जो दसवी में अध्ययनरत है।नीरज ने दसवीं कक्षा में 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर मेरिट में स्थान पाया था।नीरज ने आगे चलकर सीए बनने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है।नीरज वर्तमान में अपने गृहग्राम बिहार औरंगाबाद में गर्मी छुट्टी मनाने सपरिवार गए हुए है।नीरज को जब उसके टॉप टेन में स्थान मिलने की जानकारी मीडिया से प्राप्त हुई तो उसके व परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं रहा।उसने अपनी इस सफलता का श्रेय माता पिता व शिक्षकों सहित कॉमर्स विषय शिक्षक तेलईकछार निवासी राजकुमार रवि को दिया है।नीरज के पिता कारपेंटर हैं और उनकी फर्नीचर बनाने की दुकान है जो उन्होंने किराए पर ली हुई है। सूरजपुर जिले से शिवनन्दनपुर निवासी छात्र नीरज को टॉप टेन में स्थान मिलने से पूरा सूरजपुर जिला गौरवान्वित हुआ है।



- विवेकानंद स्कूल के बारहवीं कॉमर्स के छात्र को 95 .2 प्रतिशत अंक हुआ हासिल

**खबर संक्षेप**

### सरगुजा क्रिकेट संघ का ट्रायल 11 से

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिला क्रिकेट संघ द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए अंडर 14,16, 19 और 23 सीनियर आयु वर्ग के लिए ट्रायल 11 मई से 14 मई तक सुबह 7 बजे से गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को कैंप लगाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयाजित जिला स्तरीय टूर्नामेंट के लिए सरगुजा जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय टूर्नामेंट के लिए सरगुजा जिला क्रिकेट संघ की टीम गठित किया जाएगा। कैंप के लिए चयनित खिलाड़ियों को ही सरगुजा जिला टीम में शामिल किया जाएगा। चयनकर्ता राजेश अग्रवाल, शैलेश सिंह, विकास शर्मा, जीवन यादव तथा सरगुजा जिला टीम के कोच शैलेश सैमुअल, मृगांक साहू, ज्ञानेश्वर सिंह, नितेश सिंह को शामिल किया गया है।



## खेत किनारे बिछाए गए तरंगित तार की चपेट में आकर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जंगली जानवरों से रक्षा के लिए खेत के किनारे लगाए गए तरंगित तार की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। करेंट से घायल महिला को उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है लेकिन किसान की लापरवाही से एक महिला को अपनी जान गवानी पड़ी।

बताया जा रहा है कि दरिमा अंतर्गत ग्राम खाला पाफाडबरा निवसी 38 वर्षीया चिंता केरकेट्टा पति जसीम केरकेट्टा व बच्चे के साथ 8 मई को गांव में स्थित अपने बहरा खेत के समीप मछली मारने जा रही थी। दम्पति व बच्चे खेत की मेढ़ के किनारे किनारे पैदल चल रहे थे इस दौरान जैसे ही वे रामधारी के खेत के समीप पहुंचे महिला का हाथ एक तार से सट गया और महिला को तेज झटका लगा। महिला करेंट लगने से जमीन पर गिर गई। ऐसे में महिला को आनन फानन में उपचार के लिए मिशन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन का कहना है कि रामधारी द्वारा जंगली जानवरों से अपने अपने फसलों की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से हुकिंग कर तरंगित तार बिछाया गया था उसी तार की चपेट में आकर महिला की मौत हुई। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।


NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

छ.ग. के छात्रों एवं अभिभावकों के बीच
सर्वाधिक लोकप्रिय एवं विश्वसनीय संस्थान : GOAL

Congratulations...
to all the Students
Passed in 10th & 12th Chhattisgarh Board
Best Wishes for Future Journey...

50% छात्रवृत्ति
12th छ.ग. बोर्ड परीक्षा परिणाम में आये
प्रथम 10 विद्यार्थियों के लिए।

DROPPER BATCH NEET / JEE
& 9th | 10th | 11th | 12th Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May

| BHILAI | BHILAI | BHILAI | RAIPUR |
|---|---|---|---|
| 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100 | GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999 | 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100 | BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 |




भगवान परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय परशुराम


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की
हार्दिक शुभकामनायें...
विनोद कुमार दुबे
अधिवक्ता, अम्बिकापुर


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
संतोष उपाध्याय
अध्यक्ष राजस्व निरीक्षक संघ सूरजपुर
सौजन्यः लक्ष्य, उज्जवल, तनय, आकृति उपाध्याय
श्री सदन डी.सी. रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुजीत चतुर्वेदी
वी.के. स्टील इंडस्ट्रीज
बनारस रोड अम्बिकापुर
डॉ. इति चतुर्वेदी
अध्यक्ष,हार्मनी समाज
सेवी संस्था
वेदांत चतुर्वेदी
वी.के. एग्रोटेक
रघुनाथपुर, लुण्ड्रा
वी.के. ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सतीष तिवारी
सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
मैनपाट, जिला सरगुजा


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
उन्मेष तिवारी
नोटरी/अधिवक्ता
अम्बिकापुर, सरगुजा


भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अभिषेक शर्मा
अधिवक्ता (टैक्स)
जिला सहकोषाध्यक्ष भाजपा सरगुजा
प्रदेश सहसंयोजक, आर्थिक प्रकोष्ठ (छ.ग.)


भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...
NEW SUDHIR TRADERS
सुधीर ट्रेडर्स
बनारस रोड, अम्बिकापुर, मो. 9754449955


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मनोज पाठक
B.Architect
प्राची पाठक
B.Architect
कांसेप्ट एसोसिएट्स
सदर रोड, इमलीपारा अम्बिकापुर
मो. 98261-81910


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
रजनीश पाण्डेय
अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी मण्डल, मैनपाट


भगवान
श्री परशुराम जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
शरद चन्द्र द्विवेदी
मंडल उपाध्यक्ष, भाजपा मंडल जरही
एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिभूमि सोनगरा
अनुराग द्विवेदी
जिला कार्यसमिति
भाजयुमो जिला सूरजपुर
दिक्षा द्विवेदी
अधिवक्ता, जिला एवं
सत्र न्यायालय जिला सूरजपुर (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

### फांसी लगाने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** फांसी लगाने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। युवती की निजी अस्पताल में जबकि युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजगंज रोड कोसाबाड़ी समीप निवासी रूचिका गुप्ता आ. मिथलेश गुप्ता (22 वर्ष) बीएससी फाइनल की परीक्षा दी थी। दोपहर को भाई मयंक गुप्ता दुकान से घर आया तो बहन रूचिका ने भोजन देने के बाद कमरे में चली गई। भाई भोजन करने के बाद आराम करने लगा। लगभग 5 बजे मां मधु दुकान जाने के लिए मयंक को उठाने लगी तभी शशांक नामक युवक घर के बाहर से रूचिका को आवाज देने लगा। परिजन रूचिका को बुलाने कमरे में गए तो देखा दरवाजा अंदर से बंद था। परिजन ने दरवाजा तोड़ अंदर गए तो उनके होश उड़ गए। रुचिका फांसी में लटकी हुई थी। परिजन फांसी से उतार उसे निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम बढ़नी झरिया निवासी सरजू मानिकपुरी आ. हीरालाल (30 वर्ष) बुधवार की शाम जब परिजन घर के बाहर थे तभी युवक ने अज्ञात कारण से कमरे में फांसी लगा लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन फांसी से उतार युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयशंकर साहू आ. लक्ष्मण साहू निवासी ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम भिट्ठीकला स्थित खसरा नंबर 299/1, 298/2 रकबा 0.113, 0.202 हे0 भूमि को अनावेदक कृषण कुमार राठी आ. रामकिशुन राठी व अन्य निवासी ग्राम सेक्टर 06 बहादुरगण हरियाणा के पास बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 27/05/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांकः-09/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

## पेट्रोल पंप में देर रात दिया घटना को अंजाम

# डीजल चोर गिरोह सक्रिय, बस व टैंकर से पार कर दिया 4 सौ लीटर डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र में एक बार फिर डीजल चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई है। क्षेत्र में डीजल चोर इस कदर सक्रिय है कि हर दूसरे दिन वाहनों से डीजल चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देते है। ऐसे में अब पुलिस के गश्त पर ही सवाल उठने लगे है। बीती रात भी चोरों ने पेट्रोल पंप में खड़े बस व टैंकर वाहन के डीजल टंकी का ताला तोड़ चार सौ लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। हैरानी की बात यह है चोर बकायदा कार से पहुंचे और डीजल चोरी कर बडे बडे डिब्बे में भरकर फरार हो गए। इधर वाहन चालक की शिकायत पर पुलिस आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**खास बात**
- कार से पहुंचे थे चार डीजल चोर

जानकारी के अनुसार ग्राम पकनी स्थित कान्हा पेट्रोलियम में देर रात लगभग 2 बजे एक नयी ब्रेजा कार से चार युवक पहुंचे थे। कार सवार पेट्रोल पंप में खड़े टैंकर क्रमांक सीजी 29 एई 1318 का ताला तोड़कर बड़े डिब्बे में डीजल भरना शुरू किया। टैंकर से डीजल चुराने के बाद युवकों ने पास में खड़े बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0822 के टैंक का भी ताला तोड़ा तथा उसमें से भी डीजल की चोरी की। चोरों की यह करतूत पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई। पेट्रोल पंप संचालक के अनुसार चोरों द्वारा लगभग 400 लीटर डीजल की चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी मिलने के बाद जब पेट्रोल पंप संचालक सुरेश कुमार अग्रवाल तड़क घटना की सूचना देने के लिए चेन्द्रा पुलिस चौकी पहुंचे तो वहां कोई स्टाफ उपस्थित नहीं मिला। जिस पर संचालक थाने गए तो वहां से खाली हाथ लौटना पड़ा। आज सुबह संचालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि क्षेत्र में बढ़ते लगातार चोरी की घटना से जहां चोरों के हौसले बुलंद हैं। वही चोरी की इस घटना से पुलिस के गश्त की पोल खुल गई है।


डीजल चोरी करते सीसी टीवी कैमने में कैद आरोपी।


पेट्रोल पम्प में खड़े चोरों की कार।

### सीसीटीवी कैमरा में कैद हुए आरोपी

एक साथ दो वाहनों से डीजल चोरी होने की जानकारी लगने पर जब पेट्रोल पंप में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाला गया तो देर रात चार युवक कार से पहुंचे और पेट्रोल पंप का रैकी करने के बाद वाहन से लाए बड़े बड़े डिब्बों में डीजल चोरी कर भरते स्पष्ट नजर आए। बीती रात हुई चोरी की घटना में आरोपियों स्पष्ट वाहन से रेकी करने तथा डीजल चोरी करते सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए। हालांकि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### देर रात देते है घटना को अंजाम

डीजल चोर गिरोह इस कदर शातिर है कि डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए समय निर्धारित कर रहे है। अब तक जितने भी डीजल चोरी की घटनाएं हुई है सभी रात 2 से 3 बजे के बीच हुई है और सीसीटीवी कैमरा में भी इसी समय चोरी करते हुए कई आरोपी सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए है। चोरों को भी मालूम है कि लम्बे सफर पर निकले वाहन चालक थकान के कारण भोजन करने के कुछ समय बाद गहरी नींद में सो जाते है। जिससे डीजल चोरी करने के दौरान उन्हें कानो कान खबर नहीं लगती। चोर पंप के सहारे न सिर्फ डीजल चोरी करते है बल्कि चार पहिया वाहन का उपयोग कर डीजल चोरी कर फरार हो जाते है। बीती रात भी चोरों ने नयी कार के सहारे चार सौ लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए।

### आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस को 24 घंटे अलर्ट रहना चाहिए। पुलिस जवान द्वारा लापरवाही बरती गई है तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी की जाएगी। जांच उपरांत पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोल पंप में बस व टैंकर वाहन से डीजल चोरी करने के मामले में जांच कार्रवाई चल रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।
-राजेश जोशी, डीएसपी

## गर्मी में पशुओं के रखरखाव के लिए पशुपालकों को दिए गए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रदेश में भीषण गर्मी की स्थिति में प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे के बीच तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक निरंतर बना रहता है। इस दौरान पशुओं पर सामग्री रखकर या सवारी हेतु उपयोग करने से अथवा पशुओं को टांगे,बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, ऊंटगाड़ी, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे पर वजन ढोने के उपयोग करने से पशु बीमार हो सकते है या उनकी मृत्यु हो सकती है।

पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण परिवहन एवं कृषि पशुओं पर क्रूरता का निवारण नियम के नियम के अनुसार जिन क्षेत्रों में तापमान 37 से अधिक रहता है, उन क्षेत्रों में दोपहर 12 से 3 बजे के बीच ऐसे पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। पशुपालकों के लिए पशुओं को गर्मी, लू से बचाव के लिए दिशा निर्देश दिए गए। पशु गृह में हवा का मुक्त आवागमन सुनिश्चित कर पशुओं की सीधी धूप से बचाने के लिए पशुशाला के मुख्य द्वार पर खस या जूट की बोरियों के पर्दे लगाना चाहिए। पशुओं को गर्मी से बचने के लिए पशुशाला में पंखे, कूलर और स्प्रिंकलर सिस्टम लगाए जा सकते है जो दुधारू पशुओं के लिए उपयुक्त है। पर्याप्त स्वच्छ पेयजल हमेशा उपलब्ध होना चाहिए। पीने के पानी को छाव में रखना चाहिए। पानी और पानी के कुड़ो को हमेशा साफ रखें। पशुओं को कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन आटा, रोटी, चावल आदि न खिलाए। संतुलित आहार के लिए अनाज और चारा का अनुपात 40-60 रखें। गर्मियों के दौरान उगाई जाने वाली ज्वार में जहरीले पदार्थ हो सकते है, जो जानवरों के लिए हानिकारक को सकते है। इसलिए वर्षा के अभाव में ज्वार की फसल को पशुओं को खिलाने से पहले 2-3 बार सिंचाई कर दें।



## आईपीएल में ऑन लाइन सट्टा खिलवाने का आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के करंजी चौकी के ग्राम राई जूनापारा में आईपीएल में लोगो को ऑनलाइन सट्टा खिलवाने मामले में अम्बिकापुर के साइबर सेल व करंजी पुलिस की संयुक्त टीम ने राई जुनापारा में दबिश देकर आइपीएल में सट्टा खिलवाने के आरोपी रवि जायसवाल पिता केशव प्रशाद जायसवाल 29 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।पुलिसिया जांच में आरोपी द्वारा व्यापक पैमाने पर क्रिकेट मैच में लोगो को ऑन लाइन सट्टा खिलवाने व बड़े पैमाने में पैसों के लेनदेन की पुष्टि हुई है।मामले में पुलिस ने आरोपी रवि जायसवाल के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है।बताया गया कि सायबर सेल टीम को मिली खुफिया सूचना पर बुधवार को पुलिस ने आरोपी के घर जब रेड करने पहुंची तो पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने गिरफ़्तार किया।पुलिसिया पूछताछ में आरोपी रवि जायसवाल ने बताया कि रायपुर निवासी राहुल के द्वारा स्काई एक्सचेंज में सट्टा खिलाने का लिंक के माध्यम से पासवर्ड देता है ,राहुल के द्वारा दिए गए विभिन्न मोबाइल व बैंक खातों में सट्टा से प्राप्त राशि एचडीएफसी बैंक,आईएफसी बैंक में रकम ट्रांसफर करता है। पुलिस ने रवि जायसवाल के तीन अलग अलग मोबाइल के वाट्सप चैट को चेक करने पर बड़ी मात्रा में रकम का लेनदेन किया जाना पाया गया है।पुलिस ने रवि जायसवाल के कब्जे से वन प्लस,वीवो व एप्पल कंपनी के तीन महंगे मोबाइल सहित वाट्सप चैट का स्क्रीन शॉट, स्काई एक्सचेंज स्क्रीन शॉट, आधार कार्ड,पेन कार्ड जप्त किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



- तीन नग मोबाइल व विभिन्न खातों में बड़े पैमाने के लेनदेन की जानकारी मिली

**कानून का पालन नहीं करने वालों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई**

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राम नवमी और अक्षय तृतीया को बिना मुहूर्त के विवाह करने की परंपरा को देखते हुए जिला कलेक्टर रोहित व्यास ने महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी मैदानी प्रशासनिक तंत्र को बाल विवाह नही होने देने हेतु सख्त निर्देश दिए हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी रमेश साहू ने कलेक्टर द्वारा बनाए गए उड़न दस्ता टीम को अक्षय तृतीया के दिन होने वाले विवाह की जांच करने और बाल विवाह होने की स्थिति में तत्काल रोकने हेतु कहा है। पूर्व में कलेक्टर द्वारा राम नवमी और अक्षय तृतीया हेतु विशेष उड़न दस्ता का गठन विकासखण्ड वार किया गया है, जिसमें समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, समस्त परियोजना अधिकारी संयोजक, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी कर्मचारी, चाईल्ड लाईन के सदस्य, समस्त पर्यवेक्षक क्षेत्र के सरपंच, सचिव एवं क्षेत्र के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सदस्य बनाया गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बताया कि पिछले रामनवमी के आस पास के मुहूर्त में जिले में 42 बाल विवाह रोके गए थे। इसके अतिरिक्त 4 बाल विवाह हो जाने के कारण प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर दिया गया है और 3 प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु सम्बन्धित थानों में प्रतिवेदन दे दिया गया है। बहुत जल्द उक्त तीनों प्रकरण में भी अपराध पंजीबद्ध हो जाएगा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि पूर्व में रोके गए बाल विवाहों का फॉलो अप लिया जाएगा और जो भी बाल विवाह सम्पन्न होने की जानकारी मिलेगी सभी में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा।



## सब एरिया से कहासुनी होने के बाद माइनिंग सरदार हुए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा सहक्षेत्र परियोजना में पदस्थ माइनिंग सरदार राजेश सिंह को सहक्षेत्र प्रबंधक से हुई नोक झोंक के बाद प्रबंधन ने निलंबित कर दिया है। बताया गया कि लोकसभा चुनाव के दिन कामगारों को मतदान करने के लिए रोज़ाना शिफ्ट में आंशिक परिवर्तन किया गया था। ड्यूटी रोस्टर में प्रबंधन द्वारा कामगारों को कार्यस्थल तक लाने ले जाने में लगी बस को परिवर्तित समय मे न भेजकर रोज़ाना के सामान्य रूटीन में बस को रवाना कर दिया गया, अब उक्त मामले में माइनिंग सरदार राजेश सिंह जो कि बीएमएस यूनियन के अमेरा सहक्षेत्र के जेसीसी सदस्य होने के साथ क्षेत्रीय आईआर प्रभारी भी हैं। उन्होंने सबएरिया दफ्तर पहुंच कर सब एरिया मैनेजर के समक्ष विरोध जताया, इस मामले को लेकर सब एरिया मैनेजर महेश चौधरी के साथ माइनिंग सरदार राजेश सिंह की कहा सुनी हो गई। वाद विवाद होने के बाद सहक्षेत्र प्रबंधक महेश चौधरी ने राजेश सिंह को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में सहक्षेत्र प्रबंधक के दफ्तर में प्रवेश कर हमला करना, हमला करने का प्रयास, धमकी देना व दुर्व्यवहार करने को कारण बताया है। राजेश सिंह को निलंबन के दौरान प्रतिदिन प्रातः साढ़े दस बजे एमटी एचआर के पास हाजिर होने के निर्देश देते हुए 48 घण्टे के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को भी कहा गया है अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

- रूटीन बस के समय बदलाव को लेकर सब एरिया कार्यालय में हुई बहस
- अड़तालीस घंटे के भीतर माइनिंग सरदार को जवाब देने का दिया गया समय

## हिसाब को लेकर पत्नी के साथ हुए विवाद के बाद युवक ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** आम बेचने उपरांत हिसाब को लेकर पत्नी के साथ कहासुनी होने व पत्नी के मायके चले जाने से क्षुब्ध युवक ने बीती रात अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है ,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत नयनपुर खुटरापारा निवासी 35 वर्षीय रामनरेश रजवार पिता शिवराम रजवार पत्नी के साथ आम बेचने बाजार गया था। इस दौरान आम बेचने पश्चात जब वापस दंपत्ति घर लौटे तब हिसाब को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। इसके पश्चात पत्नी नाराज होकर बच्चे को लेकर अपने माइके ग्राम कैलाशपुर चली गई। इसी बीच युवक ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

### संगम सेवा समिति ने किया शीतल पेयजल प्याऊ की व्यवस्था

**अम्बिकापुर।** संगम सेवा समिति द्वारा संगम चौक सेन्ट्रल बैंक ग्राउंड में शीतल पेय जल प्याऊ की व्यवस्था की जिसका आज शुभारंभ किया गया। इस दौरान समिति के संरक्षक लेखराज अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजकीर्ती जायसवाल, समिति अध्यक्ष कौशल कश्यप, उपाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, सचिव अंकित केसरी, कोषाध्यक्ष संदीप कसेरा, उपसचिव सुमित सोनी, उप कोषाध्यक्ष, अंकुश केसरी, सुशील कसेरा, प्रगट नाथ कसेरा, राहुल कश्यप, शुभम सोनी, श्याम गुप्ता, आनन्द तिवारी, सागर गुप्ता, राजन गुप्ता, राकेश कश्यप, उत्कर्ष कसेरा, अयांश केसरी, पुष्कर गुप्ता, आलोक कसेरा एवं समिति के महिला सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
चिकित्सक प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.रितेश गुप्ता
डॉ.इति गुप्ता
डॉ.मनीष गुप्ता
दिनांक 5 मई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता
MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन
MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्दति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीप- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London)
PgDip in Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
(O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. ( पल्मोनरी मेडिसीन )
स्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनॉक-12 मई 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555


कृष्णा प्रसाद सोनी
राज सोनी
SINCE 1980
श्री जगदम्बा आभूषण भण्डार
गोल्ड, सिल्वर एवं डायमंड ज्वेलर्स
आप सभी को
अक्षय तृतीया
की अनंत शुभकामनाएं
उच्च गुणवत्ता वाले हॉलमार्क सोने के जेवर उपलब्ध | चांदी के हॉलमार्क जेवर उपलब्ध | नवरत्न एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह
हॉलमार्क
है तो सोना है
हॉलमार्क आभूषण पर ये निशान अवश्य देखें
BIS का प्रतिक चिन्ह
सोने की गुणवत्ता
6 अंक अक्षरांकीय HUID कोड
BIS RULES
22K 916
18K 750
कैरेटमीटर द्वारा हॉलमार्क सोने के शुद्धता व गुणवत्ता के सम्पूर्ण जांच की मुफ्त सुविधा उपलब्ध
GET 100% EXCHANGE VALUE
GOLD TESTING KARATMETER
पता – सदर रोड, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) 94077 13148

